षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-16 शुक्रवार, दिनांक-19 जुलाई, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.05 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं सप्तम सत्रों के कुल-1303 अनागत अल्पसूचित, तारांकित तथा अतारांकित प्रश्नोत्तरों की मुद्रित प्रतियों को सभा मेज पर रखा गया ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जा कर अपनी बातों को कहें ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.02 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[2] **वित्तीय कार्य :-**

(i) माननीय उप मुख्यमंत्री-सह- प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन सदन में किया गया ।

(ii) माननीय उप मुख्यमंत्री-सह- प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 1977-78, 1978-79, 1984-85, 1987-88, 1988-89, 1990-91, 1998-99, 1999-2000, 2003-04, 2010-11 एवं 2015-16 के अधिकाई व्यय विवरणी का उपस्थापन सदन में किया गया ।

[3] गैर सरकारी संकल्प :-

दिनांक 19.07.2019 के कार्यसूची के अनुरूप :-

(i) 103 गैर सरकारी संकल्प वापस ।

(ii) 11 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ट ।

(iii) 02 गैर सरकारी संकल्प अस्वीकृत ।

गैर सरकारी संकल्प सख्या-14 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्याशी सदस्य श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह ने आसन ग्रहण किया ।

गैर सरकारी संकल्प सख्या-111 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

[4] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 44 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-22 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित

पटना
दिनांक-19.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।